कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–माध्य/संस्था/सी–1/स्थानांतरण/अंग्रेजी/2019–20 दिनांक– 29.09.2019 के तहत् वंदना मेहता व्याख्याता, अंग्रेजी, राउमावि शिवबाड़ी, बीकानेर का स्थानांतरण राउमावि भालेरी, चूरू किया गया। वंदना मेहता द्वारा स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में एस.बी.सि. याचिका संख्या 15321/2019 वंदना मेहता बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर की गई।

याचिका संख्या 15321/2019 में माननीय न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 24.10.2019 द्वारा याचिकार्थी वंदना मेहता को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश करने एवं पेश किये जाने की स्थिति में इसे राज्य सरकार व विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में एक सकारण आदेश प्रसारित कर निस्तारण किये जाने के निर्देश प्रदान किये है।

माननीय न्यायालय के निर्णय के क्रम मे याचिकार्थी द्वारा अपनी प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों के आधार पर अपना पदस्थापन राउमावि टीटी कॉलेज, बीकानेर, रा. महारानी बाउमावि बीकानेर, राबाउमावि बारहगुवाड़, बीकानेर, राउमावि चौपड़ा, बीकानेर किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

याचिकार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। राज्य सरकार द्वारा स्थानान्तरण के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों दिनांक 24.09.2019 के अनुसार राज्य सेवा के कार्मिकों में पूर्णतः दृष्टिहीन, 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग, कैंसर, गुर्दा प्रत्यारोपण, हृदय शल्य चिकित्सा, विधवा, परित्यक्ता एवं शहीद की वीरागंना से प्राप्त परिवेदनाओं को ही प्राथमिकता की श्रेणी में रखा गया हैं। याचिकार्थीया द्वारा धारित व्याख्याता का पद राज्य सेवा के राजपत्रित स्तर का पद है और नियोक्ता द्वारा उन्हें छात्र हित/राज्य हित अथवा प्रशासनिक कारणों से राज्य में कहीं पर भी पदस्थापन/स्थानान्तरण किया जा सकता है। कैलाश चंद्र सेन द्वारा स्थानान्तरित स्थान पर दिनांक 11.11.2019 को कार्यग्रहण कर लिया गया है। अतः याचिकार्थी द्वारा अन्यत्र समायोजन की मांग तर्क संगत नहीं है।

उपर्युक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए याचिकार्थी द्वारा की गई मांग नियमानुकूल नहीं होने के कारण इनकी याचिका को एतद् द्वारा खारिज किया जाकर निस्तारित किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित हों।

(हिमांशु गुप्ता) 17/01
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–1/अंग्रेजी/याचिका सं. 15321/वंदना मेहता/2019 दिनांकः– 17/01/2020

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य
9. संबंधित व्याख्याता,

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

C-1 Court Case 15